हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

11 पीएम आवास निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



14 किडनी प्रभावित ग्राम सुपेबेड़ा पहुंचे कलेक्टर, ...





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
फोन : 9893744470

# बैंकों में किसानों की भीड़, कही सर्वर डाउन तो कही एटीएम नहीं कर रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

बैंक से सीधे चुकारा के अलावा वैकल्पिक ऑप्शन नहीं, इसलिए बोनस की राशि लेने किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा। ब्लॉक में 9227 किसानों 49 करोड़ 47 लाख का भुगतान होना है। रोजाना अधिकतम 500 किसान का चुकारा हो रहा।

1 मार्च से सरकार ने किसानों के खाते में समर्थन मूल्य में खरीदी धान की बोनस राशि प्रति क्विंटल 731 रूपये प्रति क्विंटल की दर से डाल चुकी है। लेकिन जिला सहकारी बैंक में भुगतान के सीमित संसाधन के चलते अब रकम निकासी के लिए किसानो को पसीने बहाना पड़ रहा है। सुबह 8 बजे से किसान सहकारी बैंक ब्रांच में आ जाते हैं और अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। शाम 6 बजे तक भुगतान किया जाता है,किन्तु कई किसान तो ऐसे है जिनकी बारी तक नहीं आती और उन्हें खाली हाथ मायूस लौटना पड़ जाता है। ब्रांच मैनेजर अमर सिंह ध्रुव ने कहा कि रोजाना अधिकतम 500 कृषकों को भुगतान किया जा रहा है। भुगतान में भगदड़ न हो और किसानों को सहूलियत हो इसलिए समितिवार तिथि तय किया गया है। कार्य दिवस को पड़ने वाले तिथि में तय खरीदी केंद्रों से ही किसान भुगतान लेने आते हैं।अब तक 1 तिहाई से ज्यादा कृषकों को बोनस की राशि का भुगतान किया जा चुका है। देवभोग ब्लॉक में 9227 किसान हैं, इनमें से 4 हजार कृषक ऐसे हैं जो हस्ताक्षर नहीं कर पाते हैं या जिन्हें अंकों ▸▸|शेष पेज 12 पर

## भुगतान में भगदड़ न हो और किसानों को सहूलियत हो इसलिए समितिवार तिथि तय





### मैनपुर देवभोग क्षेत्र के बैंकों में भीड़

अंतर राशि लेने मैनपुर देवभोग क्षेत्र के सहकारी बैंक में भारी भीड़ लगी हुई है। गर्मी में लोगों की भीड़ मैनपुर, गोहरापदर, देवभोग बैंक में देखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत, एक की मौत



**मैनपुर।** मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग में इन दिनों लगातार दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। शुनिवार सुबह दो ट्रक आमने सामने टकरा गई, जिससे एक की दर्दनाक मौत होने की जानकारी आई है। वहीं दो गंभीर रूप से घायल है, जिनका उपचार मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना के बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी काफिला लग गया और सड़क जाम हो गया। जुंगाड़ पुलिस मौके पर पहुंचकर सड़क जाम को बहाल करने में लगी हुई है।

### टीन शेड और रंगमंच का लोकार्पण करेंगे विधायक

**श्यामनगर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरसाबांधा में रविवार को लाखों के लागत से बने टीन शेड व रंगमंच के लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें ▸▸|शेष पेज 12 पर

विरोध : प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

# गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

देश और प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों तथा गैस आपूर्ति में कमी को लेकर शनिवार को गरियाबंद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित मिरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर तिरंगा चौक पहुंचकर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती गैस सिलेंडर की कीमतों से आम जनता और गृहिणियों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। साथ ही कई क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी करने और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं का कहना था कि महंगाई के कारण आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। यदि जल्द ही गैस की कीमतों में राहत नहीं दी गई तो कांग्रेस पार्टी आगे भी जनहित में आंदोलन जारी रखेगी। इस दौरान उपाध्यक्ष मुलसिंग ठाकुर, डिलेश्वर देवांगन, मनीष ध्रुव, ▸▸|शेष पेज 12 पर

# सबमर्सिबल पंप चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, 19 किलो तांबा तार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र में सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की सामग्री भी बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 2 मार्च को थाना पाण्डुका में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 फरवरी की रात 10 से 1 मार्च की सुबह 6.30 बजे के बीच बांकीखार स्थित उसके कृषि खेत से अज्ञात चोरों ने सबमर्सिबल पंप, प्लास्टिक पाइप और केबल वायर चोरी कर लिया। खेत में रबी फसल की बोआई की गई थी और सिंचाई के लिए बोर पंप लगाया गया था। सुबह खेत में काम करने पहुंचे मजदूर ने



देखा कि सबमर्सिबल पंप वाली जगह पर केबल वायर कटा हुआ है और पंप सहित अन्य सामान गायब है। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 13,100 रुपये बताई गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के ▸▸|शेष पेज 12 पर



**खबर संक्षेप**

## साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन आज, विधायक रोहित मुख्यातिथि होंगे

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र बेलर का वार्षिक सम्मेलन ग्राम खुड़सा में आयोजित किया गया है। अध्यक्ष हरिराम साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, ने कहा कि कार्यक्रम के तहत मां कर्मा महाआरती, वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह रविवार को स्थान - खुड़सा ( परसदाकला) में रखा गया है सुबह 10 बजे कलश यात्रा,12 अतिथि आगमन, मध्यान्ह में सामुहिक भोजन प्रसादी, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकरंग छत्तीसगढ़ी पंडवानी का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं सरपंच परसदाकला गणेश साहू ने कहा विधायक राजिम रोहित साहू के करकमलों से पंचायत की विकास कार्य का सी सी रोड दो स्थान पर खुड़सा, भूमिपुजन टीना सेड साहू समाज परसदाकला, मंगल भवन खुड़सा का करेंगे। उक्त आयोजन में मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, चंदूलाल साहू अध्यक्ष छग भंडार गृह निगम, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद लोक सभा, भुनेश्वर साहू पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, प्रवीण साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद, लालाराम साहू अध्यक्ष भक्तिन माता मंदिर समिति राजिम, खोमन साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ फिंगेश्वर होंगे।



**निधन**

## नीतिन साहू

**पाण्डुका।** पाण्डुका निवासी नीतिन साहू का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, मित्र एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दी।



### आयोजन : जिले के अलग-अलग खंडपीठों में हुई सुनवाई

# नेशनल लोक अदालत में 72,379 प्रकरणों का निपटारा, 61.26 लाख का राजस्व प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा के मार्गदर्शन में 14 मार्च को जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद सहित जिले के विभिन्न न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 76,168 प्रकरण रखे गए थे, जिनमें से 72,379 प्रकरणों का निराकरण कर 61,26,364 रुपए की राशि का एवार्ड पारित किया गया।

तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी श्री यशवंत वासनीकर ने बताया कि लोक अदालत के लिए गरियाबंद में दो खंडपीठों का गठन किया गया था। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बी आर साहू की खंडपीठ में कुल 1,694 प्रकरण राजीनामा के लिए रखे गए थे, जिनमें 64 लंबित और 1,630 प्रीलिटिगेशन प्रकरण शामिल थे। इनमें 16 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 16,81,000 रुपए तथा 84 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कर 7,59,756 रुपए का एवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार इस खंडपीठ में कुल 100 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 24,40,756 रुपए की राशि का एवार्ड पारित हुआ। वहीं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी गरियाबंद कु. खुशबू जैन की खंडपीठ में प्रीलिटिगेशन, लंबित एवं समरी सहित कुल 1,556 प्रकरण रखे गए थे। इनमें से 362 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 13,12,717 रुपए की राशि अदा कराई गई। इसी तरह न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी देवभोग श्रीमती कांची अग्रवाल की खंडपीठ में कुल 1,393 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 1,392 प्रकरणों का निराकरण कर 8,30,891 रुपए की राशि अदा कराई गई। लोक अदालत के सफल आयोजन में पीठासीन अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों, पैरालीगल वालेंटियर्स, विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा पक्षकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 1,783 प्रकरण रखे गए थे

न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी राजिम श्री सचिन पॉल टोप्पो की खंडपीठ में प्रीलिटिगेशन, लंबित एवं समरी सहित कुल 1,783 प्रकरण रखे गए थे, जिनमें से 783 प्रकरणों का निराकरण कर 15,42,000 रुपए की राशि अदा कराई गई। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालयों में कुल 69,742 प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालत के अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय परिसर गरियाबंद में विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल भी लगाए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए पाम्पलेट वितरित किए गए। उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं फूलदार पौधों का वितरण किया गया, जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक अदालत में आए पक्षकारों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों और आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान तालुका अध्यक्ष श्री यशवंत वासनीकर, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बी.आर. साहू और व्यवहार न्यायाधीश कु. खुशबू जैन ने न्यायालय परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों, बैंकों, विद्युत विभाग और नगरपालिका के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया तथा अधिक से अधिक प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निपटारा कराने के निर्देश दिए।

# दो दिनों तक चला दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

मलेवा अंचल भाजपा मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन ग्राम रसेला के वन धन भवन में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार, उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, आषीश शर्मा संयोजक जिला प्रशिक्षण महाभियान, चन्द्रशेखर साहू जिला महामंत्री, सुरेन्द्र सोनटेके, रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल सहित सभी आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित एवं राष्ट्रगान गायन के साथ किया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्रमुख अनिल चन्द्राकार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का मूल आधार है। इसी कड़ी में जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को जन जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका निभाते की आवश्यकता पर बल दिया। आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, सुरेन्द्र सोनटेके, रामकुमार साहू ने कहा पार्टी की नीतियां, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन की कार्यपद्धति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकताओं से गांव गांव और घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियों और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रथम दिवस पर भोजन अवकाश के बाद पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। आगे कहा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। राजेश साहू ने कहा पार्टी की विचारधारा, इतिहास, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन,सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन के प्रमुख जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि भाजपा का इतिहास त्याग, तपस्या और राष्ट्र समर्पण की भावना प्रेरित है। समापन के अवसर पर थानसिह निषाद,सागर मयाणी ने कहा प्रशिक्षण शिविर में कार्यकताओं में जोरदार उत्साह देखने को मिला, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बीजेपी और उसकी रणनीति को आने वाले समय में कोई पछाड़ नहीं सकता। सभी आमंत्रित अतिथियों का श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ईश्वर वर्मा, नारायण सिन्हा महामंत्री, श्यामलाल सोरी, दयाराम नागेश, बालकराम मरकाम, परमेश्वर यादव, भुवेन्द्र मरकाम, टंकेश्वर सोरी, देवेश ठाकुर, थानेश्वर कंवर, नारायण सिंह ठाकुर, समारू सोरी,भीखम मरकाम, हेमलता ध्रुव, टिकेश्वरी कोमर्रा,पुजा चौहान,दालचन्द्र ध्रुव, सहित प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ताओं सहित पोलिंग बूथ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## सोशल मीडिया में सीएम के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग, भाजपा कार्यकर्ता थाना पहुंचे

**फिंगेश्वर।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर किसी अज्ञात वीआर उदय नामक व्यक्ति द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा पार्टी के लिए अपशब्द लिखे जाने को लेकर 14 मार्च को भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष हरित ने कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचकर मामले को लेकर एफआई आर कर कार्यवाही करने की मांग थाना प्रभारी से किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मुख्यमंत्री के खिलाफ एवं भाजपा पार्टी के खिलाफ अनर्गल अपशब्द लिखा जाना सर्वथा गलत है जिसकी हम सभी कड़ी निंदा करते है और ऐसे कृत्य करने वाले उन व्यक्तियों के खिलाफ साइबर क्राइम के तहत कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हैं।इस अवसर पर मनीश हरित के साथ भाजपा मंडल के महामंत्री भुवन साहू,छबि यादव,खिलावन सोनवानी,राकेश सिन्हा शामिल हुए।



## बारूला स्कूल में 5वीं के छात्रों को दी विदाई

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में कक्षा पांचवी के छात्रें को विदाई दी गई। 14 मार्च को शासकीय प्राथमिक शाला बारुला के प्रांगण में विद्यालय के लिए एक विशेष और भावात्मक उत्साह पूर्ण दिन रहा, जिसमें पांचवी के विद्यार्थियों को विदाई देने के लिए शाला में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधान पाठक लता ध्रुरव द्वारा किया गया। प्रधान पाठक ने कहा की इस वर्ष के बाद पांचवीं के बच्चे दूसरे संस्थानों में पढ़ने चले जायेंगे और वे पुनः इस स्कूल मे अध्ययन नहीं कर पायेंगो। वे दूसरे स्कूल मे भी अनुशासित रहकर पढ़ाई कर अपना नाम रोशन करें। इस शाला में पढ़ाई करने के लिए हम सभी उन्हें हमेशा याद करेंगे और जब भी प्रायमरी कक्षा की पढ़ाई का नाम आयेगा तो बारूला प्राथमिक शाला स्कूल का नाम हमेशा उनके दिल एवं दिमाक में होगा। हम सभी बिदा होने वाले पांचवी कक्षा के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मोती ध्रुरव, कमल कांत सेन, हीरामन लाल साहू द्वारा छात्र छात्राओं को आगे की पढ़ाई और जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी गई।



पांचवी के छात्र कुमारी चित्रलेखा साहू ने कहा कि इस विद्यालय में हम 5 वर्ष तक पढ़ाई कर अनुशासन और नियम का पालन करना सीखे हैं। ऐसी सीख विद्यालय एवं शिक्षा की यादों का हम कभी नहीं भूलेंगे। छात्र डामेंद्र ने कहा कि हमें अपने विद्यालय एवं शिक्षकों से हमेशा मार्गदर्शन मिलते रहा, जिसके चलते हम सभी नियमित पढ़ाई करते हुए शाला में अनुशासित रहे हैं। इस विदाई कार्यक्रम के अवसर पर लता ध्रुरव प्रधान पाठक, मोती ध्रुरव, शिक्षक हीरावन लाल साहू,कमलकांत सेन, धनेश्वरी यादव, मालती पराना सहित छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित थे।



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप

### भेण्डरी में कर्मा जयंती आज

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त मां कर्मा जयंती आज 15 मार्च रविवार को मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे पूजा आरती, तत्पश्चात कलश यात्रा निकाली जाएगी। मां कर्मा रथ का भ्रमण किया जाएगा इसके साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान एवं उदबोधन ,भोग प्रसाद खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष चंद्रहास साहू ,उपाध्यक्ष चुनु राम साहू, तुलसी साहू, कोषाध्यक्ष युगल किशोर साहू ,मीडिया प्रभारी यादराम साहू ने समाज के लोगो से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आग्रह किया है।

### गुड़रु पारा में बनेगी नई पानी टंकी, हुआ भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर के गुड़रू पारा वार्ड नंबर 27 में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए नवीन पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्षद गुलशन साहू, नागरिक छतराम कन्नौजे, डिगेश्वरी कन्नौजे, यशोदा कन्नौजे, वरुण यादव, लीला साहू और दयावती साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। टंकी बनाने की मांग लगातार उठ रही थी। स्थानीय निवासियों की मानें तो टंकी निर्माण से आने वाले वर्षों में उन्हें पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में प्रचार प्रसार के लिए एंबेसेडर की हुई बैठक

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु कालेज में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के निर्देशन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के एंबेसडर छात्र-छात्राओं का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 के बारे में जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया तथा छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 के संबंध में प्रचार प्रसार के लिए अपने अपने गांव, शहर, स्थानीय निवास, स्थानीय स्कूलों आदि में छात्र-छात्राओं के बीच उचित संवाद एवं प्रचार के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में संयोजक डॉ. ईपी चेलक के मार्गदर्शन एवं सदस्य डॉ रीता पांडे, प्रो. अजय कुमार राजा, डॉ अजय कुमार देवांगन के उपस्थिति में एवं एंबेसडर छात्र-छात्राएं निकिता चंद्राकर, नेहा पंडा, धार्मिन यादव, तृप्ति साहू मौजूद रहे।

चुरावन साहू, रुद्राक्ष चंद्राकर, हिमेश साहू, कंप्यूटर शिक्षक टीकम साहू, पूजा यादव आदि उपस्थित रहे।

### पिथौरा सीएचसी में फिर शुरू हुई सी-सेक्शन सुविधा

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण अंचल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में सी-सेक्शन ऑपरेशन सेवा को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। सेवा शुरू होते ही एक जटिल प्रसव का सफल ऑपरेशन कर 4.3 किलोग्राम वजन की स्वस्थ बच्ची का सुरक्षित जन्म कराया गया। प्रसव के बाद माता और नवजात दोनों की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ बताए जा रहे हैं।जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई सेवा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ही सुरक्षित और बेहतर प्रसूति सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# श्री चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

**19 मार्च को अभिजीत मुहूर्त में दीप प्रज्वलन**





पंचकोसी धाम क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर को सजाने-संवारने के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों की रूपरेखा तय कर ली गई है। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य नान्हु साहू ने बताया कि 19 मार्च को अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11:36 बजे से 12.24 बजे के बीच दीप प्रज्वलित कर नवरात्रि पर्व की शुरूआत की जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 23 मार्च को पंचमी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें देवी-देवताओं का आकर्षक अलंकरण कर भव्य पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं 26 मार्च को अष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन धूमधाम से संपन्न होगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। पंचकोसी धाम क्षेत्र के पांच शिव मंदिरो में श्री चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिर भी आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां साल भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, वहीं नवरात्रि जैसे प्रमुख पर्वों पर मंदिर परिसर में विशेष रौनक देखने को मिलती है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तजन शांति और श्रद्धा के साथ दर्शन-पूजन कर सकें। नवरात्रि को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में अभी से उत्साह और भक्ति का माहौल देखा जा रहा है।

### जीओ टैगिंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए : कलेक्टर

# पीएम आवास निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### समय-सीमा में कार्यों को पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



कलेक्टर बी.एस. उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने देवभोग के एनआरएल भवन में सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कायोंर् की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने देवभोग ब्लॉक अंतर्गत चल रहे पीएम आवास योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान पीएम आवास योजना की कम प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए समय–सीमा पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास एवं निर्माण कायोंर् पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पंचायत सचिव प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में जाकर हितग्राहियों के आवास निर्माण के कायोंर् को शीघ्रता के साथ पूर्ण कराएं। जिन सचिवों द्वारा ग्राम पंचायत जाने में लापरवाही या कायोंर् को समयसीमा पर पूरा नहीं कराने पर उनके वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं प्रारंभ–अप्रारंभ निर्माणाधीन कायोंर् की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ कायोंर् को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कायोंर् का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिन हितग्राहियों द्वारा पीएम आवास योजना की राशि निकालकर भी मकान नहीं बनाया जा रहा है, ऐसे लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे, जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस संबध में शिकायत पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई लापरवाही न बरते। बैठक में कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आवास योजना की लगातार शासन स्तर से भी समीक्षा हो रही है। हितग्राहियों को लाभान्वित करने मैदानी अमले सक्रिय होकर गंभीरतापूर्वक कार्य करे। उन्होंने जनमन योजना अंतर्गत बन रहे आवासों की भी जानकारी ली। साथ ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को कायोंर् में तेजी लाते हुए शेष कायोंर् को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में देवभोग ब्लॉक के किसानों को दलहन–तिलहन–मक्का सहित धान के स्थान पर अन्य फसलें लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। देवभोग ब्लॉक में कही भी पेयजल के लिए समस्या नहीं होनी चाहिए इसके लिए लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के अधिकारी अभी से ही गॉव में जाकर वस्तुस्थिति से अवगत हो। जिन गॉवों में समस्या हो ऐसे गांवों का चिन्हांकन कर सीईओ एवं एसडीएम को अवगत कराएं। जहाँ समस्या होने हो वहाँ वैकल्पिक व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता, बाउंड्रीवाल, शौचालय, रोशनी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाएं। यदि किसी गॉव में नये आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत करते है तो स्कूल परिसर या गॉव के बीच अथवा गांव के समीप ही बनाएं। इस दौरान विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन न्यायालय और तहसील भवन का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कलेक्टर बीएस उइके ने शनिवार को देवभोग में निर्माणाधीन न्यायालय भवन एवं तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवनिर्मित तहसील कार्यालय के सभी कक्षों का अवलोकन किया तथा निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग की गई सामग्रियों और भवन की संरचना के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि तहसील कार्यालय भवन का निर्माण लगभग 65 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है इसमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शेष कायोंर् को तीव्र गति से पूरा कर भवन को शीघ्र ही राजस्व विभाग को हैंडओवर किया जाए, ताकि कार्यालय का संचालन किया जा सके। उन्होंने कार्यालय परिसर में सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए बाउंड्रीवॉल निर्माण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के सीइओ श्री प्रखर चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

इसके अलावा कलेक्टर ने निर्माणाधीन न्यायालय भवन का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय भवन को व्यवस्थित बनाएं। श्री उइके ने न्यायालय भवन की संरचनाओं में किसी भी प्रकार की निर्माण में त्रुटि नहीं होनी चाहिए। इसलिए ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी द्वारा प्रत्येक कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी गुणवत्ता के अनुरूप ही करे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्माण कायोंर् को समय–सीमा में बनाएं। उन्होंने निर्माण स्थल की साफ–सफाई, सामग्री के उचित भंडारण और कार्य स्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## नवापारा में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर पूरी तरह गायब




**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी कमी देखने को मिल रही है। होटल, ढाबा संचालकों तथा शादी-समारोह जैसे आयोजनों में उपयोग होने वाले कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जबकि घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को आसानी से मिल रहे हैं। जानकारी के अनुसार नवापारा शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल लगभग 19 हजार उपभोक्ता विनय गैस एजेंसी से जुड़े हुए हैं। इनमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी तथा सामान्य घरेलू उपभोक्ता दोनों शामिल हैं। एजेंसी के माध्यम से इन सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि आंकड़ों के अनुसार जहां कुल उपभोक्ता करीब 19 हजार हैं, वहीं वर्तमान में क्षेत्र में करीब 9 हजार सिलेंडर की ही खपत हो रही है और उतने ही सिलेंडर यहां पहुंच भी रहे हैं। इसके बावजूद घरेलू उपभोक्ताओं के लिए किसी प्रकार की कमी या मारामारी की स्थिति नहीं है और लोगों को समय पर गैस सिलेंडर मिल रहा है। विनय गैस एजेंसी के प्रोपराइटर अभितेश जैन ने जैसे कि हरिभूमि को बताया कि घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है, लेकिन इस समय कमर्शियल गैस सिलेंडर बिल्कुल उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इसके कारण होटल-ढाबा संचालकों और शादी-समारोह जैसे आयोजनों में परेशानी हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का मूल्य फिलहाल 984 रुपये ही है और इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। कुल मिलाकर नवापारा शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर की कमी से व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## झरझरा में 19 मार्च से देवी पुराण कथा, तैयारी शुरू

**कोपरा।** घने जंगलों व डोंगरी पहाड़ियों के बीच विराजमान चट्टान के खोल पर बसे वनों की देवी मां झरझरा मे चैत नवरात्र के पवन महोत्स्व पर 19 से 27 मार्च तक भव्य श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथा का श्रवण छत्तीसगढ़ के गौरव माटी पुत्र एवं राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं. युवराज पांडे के मुखारविंद से लगातार 27 मार्च तक श्रवण कराया जाएगा। बता दें कि यह कार्यक्रम पूर्व नवरात्रि में होना था, जो प्राकृतिक आपदा के चलते स्थगित हुआ था। वह एक बार फिर से चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जोरशोर से होने जा रहा है। मां के भक्तों के लिए किसी प्रकार की कोई कमी ना हो इसे लेकर झरझरा विकास समिति व क्षेत्र के दानदाताओं द्वारा उत्तम व्यवस्था की तैयारी कर रही है। कथा हनुमान मंदिर के सामने रसोईया घर से लगे हुए 36000 वर्ग फीट पर तैयार किया जा रहा है, जिसमें लगभग 12 से 15 हजार लोग बैठने की बात कही जा रही है। टेंट पंडाल लगने शुरू हो चुके हैं। गाड़ी पार्किंग और दुकानदारों की भी सजावट अब शुरू हो चुकी है। बता दें कि झरझरा में सैकड़ों मनोकामना दीप प्रज्वलित होते हैं, जो इस बार बढ़कर पहले से अधिक हो चुका है। मंदिरों के रंग रगाई में लोग लगे हुए हैं और इस बार जोर शोर से भव्य रूप से श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण का श्रवण किया जायेगा। नौ दिनों तक सभी श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोग भंडारा का भी विशाल आयोजन किया गया है। गुरुवार को कलश यात्रा पीठ स्थापना वेदी पूजन ज्योति प्रज्वलित आचार्य स्वागत देवी भागवत महात्यम एवं कथा प्रारंभ होगा। गुरुवार को मां झरझरा मंदिर समिति द्वारा यज्ञ पूर्णाहुति के साथ समापन की जाएगी। श्रद्धालु बड़ी आशा लगाए बैठे हैं कि जंगल के बीच होने वाले भव्य श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा को सुनने बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय कथावाचक युवराज पांडे के मुखारविंद से श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के गंगा में डुबकी लगाने का अवसर मिला है और इस क्षेत्र में पहली बार जंगल के बीच मां झरझरा मंदिर प्रांगण पर भव्य विशाल आयोजन होने जा रहा है लोगों में उत्साह और उमंग काफी जोर-शोर से दिखाई दे रहा है। गर्मी के मौसम होने के चलते पानी से लेकर हर उत्तम व्यवस्था झरझरा विकास समिति द्वारा मुहैया कराया जा रहा है। झरझरा विकास समिति अध्यक्ष ढालू साहू, पूर्व सचिव अनिल साहू सहित पुरे ग्राम वासियो ने बड़ी संख्या में भागवत कथा सुनने आने अपील किया है।

■ जंगल के बीच 19 से 27 मार्च तक चलेगा आयोजन

## नगर सेलून संघ और सेन महिला मंच का होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर सेलून संघ एवं सेन महिला मंच के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को होली मिलन समारोह का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता संतूराम सेन अध्यक्ष नगर सेलून संघ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद अर्जुन साहू फागू राम देवांगन, हेमंत साहनी,रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, टिकेश गिलहरे, दीपाली राजपूत व अजय साहू मौजूद थे। सर्वप्रथम सभी आगंतुक अतिथियों एवं सामाजिक जनों द्वारा संत शिरोमणी सेन जी महाराज एवं कृष्ण भगवान के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आगाज किया। सभी अतिथियों का सामाजिक जनों द्वारा होली मिलन के उपलक्ष्य में बताशा का हार, श्रीफल व गमछा से सम्मान किया गया.मुख्य अतिथि रामा यादव द्वारा सामाजिक जनों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामा यादव ने अपने उद्बोधन ने कहा कि सेन समाज सामाजिक सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

आपसी भाईचारा का संगम सेन समाज है. पार्षद गणों द्वारा सेन भवन के मरम्मत कार्य के लिए एक लाख रु. की राशि की घोषणा की जिसके लिए नगर सेलून संघ एवं सेन महिला मंच के सभी सदस्यों ने दिल से धन्यवाद दिया.मंच संचालन मनोज सेन और आभार व्यक्त सेन महिला मंच की संरक्षक साधना सरोज ने किया। होली मिलन समारोह में उपस्थित सदस्यों में मुख्य रूप से शंकर सेन, गोविंद सेन, अनिल सेन भंडारी सेन देवेन्द्र सेन,विजय सेन, चंदन सेन, रमन श्रीवास, युवराज सेन,परमा सेन, चंदन सेन, अमित सेन,नरेश सेन, मोती सेन, गोलू सेन, भोला सेन,चेतन सेन, रोहित सेन, संजय सेन,गिरधारी सेन, प्रमेंद्र सेन, प्रमोद सेन, केशव सेन, पवन सेन, दुलेश सेन, अमित सेन,चेतन सेन, गोलू सेन एवं महिला मंच से संरक्षक साधना सौरज, अध्यक्ष निशा सेन ,प्रीति सेन,सुभद्रा सेन,वंदना सेन, बिंदु सेन, उर्वशी सेन,सोनिया सेन,भारती सेन, मालती सेन, टिकेश्वरी सेन आदि सदस्य मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ /ब-121/ वर्ष 20 -2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रोशनी वल्द तेजराम जाति, गोड़ ग्राम- कोरासी, प.ह.न. 12 रा.नि.मं. व तहसील छुरा, जिला-ः गरियाबन्द (छ.ग.) ने अपने स्वयं रोशनी के जन्म प्रमाण पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नही कराने के कारन विलंबित जन्म/ मृत्यु का पंजीयन किए जाने हेतु उप पंजीयक (जन्म/मृत्यु) को आदेशित करने बाबत (जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रीकरन अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म /मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र मय अनुपल्बधता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया हैं।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/ शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 25.03.2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनाँक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार छुरा

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ /ब-121/वर्ष 20 - 2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक लक्ष्मण कुमार वल्द तेजराम जाति गोड़ ग्राम कोरासी प.ह.न. 12.रा.नि.मं. व तहसील छुरा, जिला गरियाबन्द (छ.ग.) ने अपने स्वंय लक्ष्मण कुमार के जन्म प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नहीं कराने के कारन विलंबित जन्म / मृत्यु का पंजीयन किए जाने हेतु उप पंजीयक (जन्म/मृत्यु) को आदेशित करने बाबत (जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरन अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म / मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9(3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र मय अनुपल्बधता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया हैं।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/ शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो सुनवाई दिनाँक 25/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनाँक 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार छुरा

## ईमरान मेमन बने सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**छुरा।** भाजपा ने संगठन को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए छुरा के सक्रिय भाजपा नेता ईमरान मेमन को सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ का गरियाबंद जिला संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से की गई है। नवनियुक्त जिला संयोजक ईमरान मेमन ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। उन्हें बधाई देने वालों में राजिम विधायक रोहित साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद व छत्तीसगढ़ राज्य भंडारण गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू,पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू , पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, सुरेन्द्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष इमरान अली, जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, रिंकू सचदेव, केशरी ध्रुव,अजय दीक्षित,पुरुषोत्तम गिरी गोस्वामी, अजमेर खान, ऋतुराज शाह आदि ने बधाई दी।

## सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक आज



मुड़ागांव(कोरासी)। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ द्वारा गरियाबंद एवं राजिम विधानसभा की संयुक्त जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 15 मार्च को किया जा रहा है। यह बैठक राजिम स्थित गुरु घासीदास मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से आयोजित होगी, जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों सहित जिलेभर के युवा साथियों की उपस्थिति रहेगी। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक गतिविधियों को गति देने तथा युवाओं की जिम्मेदारियों के निर्धारण को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों से भेंट-मुलाकात किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश भारती, देव आड़े राजिम विधानसभा अध्यक्ष, दुर्गेश बांधे ब्लाक अध्यक्ष फिंगेश्वर, अजय बंजारे ब्लाक अध्यक्ष गरियाबंद, कमल मांडले ब्लॉक अध्यक्ष छुरा,जिला पदाधिकारीगण फागलाल खूंटे उपाध्यक्ष, प्रीतम बंजारे सचिव,देवेन्द्र पुरैना उपाध्यक्ष, देवकुमार मार्कण्डेय कोषाध्यक्ष, प्रकाश चंदनिया मुख्य वक्ता, सूरज भारती महामंत्री,रेवा ओगरे महामंत्री, दुलीचंद आडिल उपाध्यक्ष,शिवा मांढरे उपाध्यक्ष लगे हुए हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कारोबारी को झांसा देकर पांच लाख का जेवर ले उड़ी महिला

रायपुर। एक सराफा कारोबारी ने एक महिला के खिलाफ पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला एक व्यक्ति के साथ जेवर खरीदने का बहाना कर सराफा दुकान में पहुंची। महिला ने जेवर ट्रायल करने का झांसा देकर जेवर पहन लिया, इसके बाद कारोबारी की आंखों में धूल झोंक कर मौके से फरार हो गई। भागने का प्रयास कर रही महिला के साथ आए व्यक्ति को कारोबारी ने तथा मौके पर उपस्थित लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। कारोबारी दुर्गाप्रसाद सोने ने मेशराम साहू तथा कमलेश्वरी साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। देवपुरी में संचालित दुर्गा ज्वेलर्स में मेशराम तथा महिला जेवर खरीदने के बहाने गुरुवार को पहुंचे थे।

### कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने जताया आभार

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे पुराने एवं दशकों से संचालित मेडिकल कॉलेज पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (मेकाहारा), रायपुर में लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग को प्रदेश सरकार ने पूरा कर दिया है। अब मेकाहारा में डीएम कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत कर दी गई है। इसको लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। बीजेपी प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में लिए गए।

## शिविर : 8219878 रुपए का किया अवार्ड पारित

# नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ›› सरायपाली



न्यायालय भवन में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीशों के 4 अलग अलग खंडपीठों में कुल 608 विभिन्न प्रकरणों में 82,19,878 रुपये का अवॉर्ड पारित किया गया। ज्ञातव्य हो कि उक्त लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त 04 खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयको के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामले के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक लिखत अधिनियम की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया।

अधिवक्ता संघ के सचिव राजेंद्र कुमार दास ने अधिक से अधिक पक्षकारों को लोक अदालत के सुविधाओं का लाभउठाने की अपील के साथ ही लोक अदालत में उनके चैंबर द्वारा पक्षकारों व लोक अदालत में शामिल सभी विभागों के कर्मचारियों के लिए निशुल्क भोजन की भी व्यवस्था का लाभ उठाने की बात कही। एनडीपीएस के विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र शर्मा ने कहा कि लोक अदालत तभी सफल हो रहा है, जब दोनों पक्षकार गण आपसी समझौता के लिए तैयार होते हैं, आप लोगों के आपसी समझौते के मानसिकता व इच्छा के चलते ही लोक अदालतों का उद्देश्य पूरा हो रहा है। लोक अदालत के प्रारंभिक चरणों में राजस्व विभाग द्वारा ग्राम लाखन पाली के 54 लाभार्थियों जिनमें परीक्षित, सुशील, विश्राम, पूरन बाई, भगतराम, तुलसी, सुदरु महेश, कलीराम, बलिराम, गोपसिंह, हेतराम, सेतबाई, शौकी, भोगीलाल, चलमणि, मनबोध, निरंजन, रामचंद्रो, राखीलाल, मिलाप सिंह, रेशमलाल, सेत कुमार, रणधु, प्रेमसागर, केवल सींग, बसंतलाल, शौकीलाल, लक्ष्मण, वासुदेव, लाला, बुढ़ान, नेहरु, सतवंती, दाशरथि, मेमबाई, नारायण, पुनित राम, चैतराम, कुंजराम, बाबूलाल, सामाजिक भवन, मालिकराम, प्यारीलाल व डमरु को भू स्वामी पट्टा का वितरण प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती वंदना दीपक देवांगन, पंकज आलोक तिर्की (द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ), वैभव घृतलहरे (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ), विनय कुमार साहु (न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी ), अनुपमा आनंद (एसडीएम) तथा श्रीधर पंडा (तहसीलदार ) के हाथों वितरित किया गया। इस दौरान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन व एसडीएम अनुपमा आनंद द्वारा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल जाकर अपना बीपी व स्वास्थ्य चेक कराया। साथ ही सभी न्यायधीशों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टालों में जाकर तैयारियों का निरीक्षण भी किया गया।

### बिजली से संबंधित 24 प्रकरणों में 3,38,000 रुपए के अवार्ड पारित

इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 01 वंदना दीपक देवांगन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में बिजली विभाग के प्री-लिटिगेशन संबंधीत मामलों में विद्युत से संबंधित 24 प्रकरणों में 3,38,000, मोटर दावा दुर्घटना के 01 प्रकरण 5,86,000 मोटर दावा निष्पादन के 02 प्रकरण में 6,20,000 रुपये का निराकरण किया गया। खंडपीठ 02 पंकज आलोक तिर्की दुतीय अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में 07 **mact** में 45,00,000 रुपये, दावा निष्पादन 01 प्रकरण में 10,04,278 रुपये 09 बैंक प्रिलिटिगेशन 6,08,000 रुपये का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 03 वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में धारा 138 के 01 प्रकरण में 1,00,000 रुपये, दाण्डिक के 03 प्रकरण, एवम समरी 419 प्रकरणों में 49,600 रुपये पारित किया गया। क्रमांक 04 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में धारा 138 के 01 प्रकरण में 4,00,000 रुपये समरी 140 प्रकरणों 14,000 रुपये, के राशि साथ निराकरण किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ एडीजे, न्यायधीशों व एसडीएम द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किए जाने के पश्चात वंदेमातरम के साथ ही राष्ट्रगान के साथ किया गया। सर्वप्रथम राजस्व विभाग द्वारा भू अधिकार स्वामित्व योजना के तहत का लाखन पाली 54 ग्रामीणों को आबादी भू स्वामी पट्टा वितरण कर प्रारंभ किया गया। न्यायालय भवन में पक्षकारों से खचाखच भरे हाल संबोधित करते हुए अपर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन ने कहा कि अदालत लगाए जाने का उद्धेश्य आपसी भाईचारे व समझौते के तहत प्रकरणो का निराकरण किया जाना है। वर्षों से न्यायालय में चल रहे समझौते युक्त प्रकरणों को आपसी समझौते के तहत निपटारे का यह एक सशक्त व सुगम माध्यम तथा मंच है।

# सिन्हा कलार समाज महिला मंच के होली मिलन में फाग गीत पर झूमीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ›› गरियाबंद



कलार समाज गरियाबंद में महिला मंच के तत्वाधान में पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम महिला मंच की अध्यक्ष बिंदु सिन्हा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर होली के रंगों और लोक परंपराओं के साथ उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता व आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

समारोह में महिला मंच की संरक्षक पुष्पांजलि सिन्हा ने वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर पारंपरिक फाग गीत प्रस्तुत किया। उनके गीतों ने पूरे वातावरण को होली के रंग में सराबोर कर दिया। फाग गीतों की धुन पर उपस्थित महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य करते हुए होली उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया।

इस अवसर पर महिला मंच की अध्यक्ष बिंदु सिन्हा ने कहा कि होली का त्योहार भारतीय संस्कृति में प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज की महिलाओं को एकजुट करने का माध्यम बनते हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल पारंपरिक लोक संस्कृति और फाग गीतों को जीवित रखने का प्रयास किया जाता है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ होली के गीत गाए, नृत्य किया और उत्सव का भरपूर आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ललिता सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा, ममता सिन्हा, रुचि सिन्हा, कौशल्या सिन्हा, रामेश्वरी सिन्हा, नीता सिन्हा, अनिता सिन्हा, भूमि सिन्हा, किरण सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, रूपा सिन्हा, सरोज सिन्हा, त्रिवेणी सिन्हा, उषा सिन्हा, लीला सिन्हा, अमूल्या सिन्हा, दुर्गा सिन्हा, राधा सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा और चित्रा सिन्हा सहित समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं कमल सखी सम्मान समारोह पिरदा में

महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा पिरदा मंडल के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पिरदा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं कमल सखी सम्मान समारोह का आयोजन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आह्वान पर एवं सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी एवं जिला अध्यक्ष येतराम साहू के निर्देश व विधायक संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

# सड़कों पर वाहनों की बेलगाम रफ्तार राहगीरों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ›› राजिम

शहर और कस्बों में इन दिनों सड़क पर चलते-चलते अचानक कोई तेज रफ्तार वाहन आकर टक्कर न मार दे। घर से निकलते ही मन में अनजाना भय बैठ जाता है कि सुरक्षित लौट पाएंगे या नही। सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ती असुरक्षा बाजार, बस स्टैंड, स्कूल-कॉलेज के आसपास और यहां तक कि धार्मिक आयोजनों के बीच भी छोटी-छोटी कहा सुनी हिंसक रूप लेती दिख रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवाओं में बढ़ती आवेशपूर्ण प्रवृत्ति, नशे का असर और कानून का डर कम होना इस स्थिति को और गंभीर बना रहा है। शाम ढलते ही कई इलाकों में माहौल असहज हो जाता है। महिलाएं और बुजुर्ग विशेष रूप से भयभीत हैं। कई अभिभावको का कहना है कि अब तो बच्चो को भी अकेले कोचिंग भेजने में डर लगता है। दूसरी ओर, सड़क हादसों का ग्राफ लगातार चिंता बढ़ा रहा है। तेज रफ्तार, लापरवाह ड्राइविंग, शराब पीकर वाहन चलाना और यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी आम हो चुकी है। मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक बाइक और कारें बिना नियंत्रण के दौड़ती नजर आती हैं। पुलिस का मानना है कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना हादसों की बड़ी वजह हैं। कई मामलों में सीसीटीवी होने के बावजूद कार्रवाई धीमी पड़ जाती है, जिससे लोगों का भरोसा डगमगाता है। सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी है। नियमित पेट्रोलिंग, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती, सीसीटीवी की निगरानी और सख्त कार्रवाई जरूरी है। साथ ही, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को हिंसा से दूर रहने और यातायात नियमों के पालन की शिक्षा दी जानी चाहिए। सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों को भी आगे आकर संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। छोटी-छोटी बातों को हिंसा तक पहुंचने से रोकना सामूहिक जिम्मेदारी है। जरूरत इस बात की है कि कानून का डर और व्यवस्था पर भरोसा दोनों मजबूत हों। जब तक अपराधियों में कार्रवाई का भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास नहीं जगेगा, तब तक यह दोहरी दहशत बनी रहेगी। शहर के सेवानिवृत्त प्राचार्य आर बी शर्मा ने कहा है कि अब समय आ गया है कि सख्ती, संवेदनशीलता और सामूहिक प्रयास के जरिए सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित बनाया जाए-ताकि लोग बेखौफ होकर घर से निकल सकें और सुरक्षित लौटने का विश्वास फिर से कायम हो।

# गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ›› नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा में दो दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री दीप महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, माता गायत्री की जयकारों के साथ शामिल हुई। रात्रि में गीत, संगीत एवं प्रवचन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गायत्री परिवार के यशवंत वर्मा ,सरपंच रमेश वर्मा , हरिशंकर सिन्हा,ओमप्रकाश सिन्हा, रानी साहू, हीरा हिरवानी,दयाराम साहू,धनऊ ध्रुव,द्वारिका साहू, दुष्यंत वर्मा,ठाकुर राम साहू ,पूरन साहू, खुमन साहू,सूखेन साहू, भोला वर्मा,प्रवीण वर्मा, टीकाराम साहू, नरेंद्र साहू,उमाशंकर साहू, चंद्रकांत यादव,रवि साहू, हेमचंद साहू, उमेश्वरी साहू, डिगेश्वरी वर्मा, शांति वर्मा, धनेश्वरी ध्रुव,कल्पना वर्मा,मौसमी, माला साहू,नीरा साहू ,राधिका वर्मा,गायत्री वर्मा, ज्योति तारक सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलार समाज परिक्षेत्र स्तरीय सम्मेलन फिंगेश्वर में आज

हरिभूमि न्यूज ›› छुईहा-बेलर





■ प्रथम सोपान में मुख्यातिथि भूपेश बघेल और दूसरे में रोहित साहू होंगे

छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर का वार्षिक सम्मेलन 15 मार्च को समाजिक भवन फिगेंश्वर में रखा गया है। कलार समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, महिला अध्यक्ष धनेश्वरी सिन्हा, समाज प्रदेश प्रतिनिधि हूकुम सिन्हा, प्रदेश उपकोषनिक्षक दुर्गा प्रसाद सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा द्वारा कार्यक्रम की पूर्व तैयारी एंव रूपरेखा पर कहा कि समाज द्वारा निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम दो सोपान में आयोजित किया जायेगा। प्रथम सोपान दोपहर 12 से 6 बजे तक तथा दुसरा सोपान संध्या 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक आयोजित है। प्रथम सोपान के प्रोटोकॉल के अनुसार 2 बजे मुख्यातिथि पुर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरिश देवांगन, अध्यक्ष कलार समाज युवराज सिन्हा, जिला कलार समाज अध्यक्ष अवध सिन्हा, परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, अध्यक्ष नगर पंचायत राजेन्द्र सर्यवंशी,पुर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू होंगे। अतिथियों द्वारा समाज के इष्टदेव भगवान सहत्राजुर्न,माता बहादुर कलारीन की पुजाकर विशेष आरती करेंगें। मुख्यातिथि अतिथियों के करकमलों से 20 लाख और 6.5 से निर्मित सामुदायिक भवन, का लोकार्पण करेगें। इस तहत समाज द्वारा विरिष्ठ समाजजनों का सम्मान करेंगें। वहीं दूसरे सोपान के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सुर्यवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजु हरित, मनीष हरित किसान मोर्चा,राजु साहू अध्यक्ष महाविद्यालय फिंगेश्वर सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी होंगे। युवा कलार मंच राकेश सिन्हा, कन्हैया सिन्हा,कौशल सिन्हा ने स्वजातीय जनों, आमंत्रिज जनों एवं क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# गांव-गांव में हो रही रामायण प्रतियोगिता, भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ›› राजिम

■ धार्मिक आयोजन से पूर्व गांवों में करायी गई मुनादी

राजिम शहर सहित आसपास के ग्रामो में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। कहीं संगीत मय रामायण प्रतियोगिता, कहीं नवधा रामायण, तो कहीं शिव महापुराण तो कईयो जगह श्रीमदभागवत कथा और यज्ञ-हवन जैसे धार्मिक आयोजन लगातार हो रहे हैं। कहना न होगा समूचा क्षेत्र इन दिनो धर्ममय वातावरण के चलते भक्तिभाव से परिपूर्ण नजर आ रहा है। ऐसे धार्मिक आयोजन से पूर्व हरेक गांवों में बाकायदा मुनादी कर यह घोषणा की जाती है कि कार्यक्रम की अवधि तक किसी भी प्रकार से मांस और शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। ऐसे में गांव का वातावरण अनुशासित, सात्विक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। लेकिन प्रश्न यह है कि जैसे ही आयोजन समाप्त होते हैं, वही गांव फिर पुराने ढर्रे पर क्यों लौट जाता है? धार्मिक आयोजनों के दौरान गांव में अनुशासन और संयम दिखाई देता है। सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन रुक जाता है, विवाद कम होते हैं और माहौल सौहार्द्रपूर्ण रहता है। परंतु आयोजन के बाद यह नियंत्रण फिर से ढीला पड़ जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या कानून या मुनादी से ज्यादा मानसिकता और सामाजिक संकल्प की है। समाजसेवी प्रकाश वर्मा,अशोक मिश्रा ने कहा कि यदि कुछ दिनों तक गांव संयमित रह सकता है, तो स्थायी रूप से क्यों नहीं? इन आयोजनों में एक सकारात्मक पहलू यह भी दिखता है कि मातृशक्तियों की भागीदारी अत्यधिक रहती है। महिलाएं बड़ी संख्या में कथा, भजन, कीर्तन और यज्ञ में सम्मिलित होती हैं। वे न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेती हैं बल्कि व्यवस्था और अनुशासन में भी अहम भूमिका निभाती हैं। श्री वर्मा ने कहा कि इसके विपरीत, युवा वर्ग और कई पुरुष इन आयोजनों से दूरी बनाए रखते हैं। यही वह वर्ग है जो आगे चलकर गांव के सामाजिक माहौल को दिशा देता है। यदि युवा धार्मिक और नैतिक मूल्यों से जुड़ेंगे, तो गांव का वातावरण स्थायी रूप से सुधर सकता है। युवाओं के न जुड़ पाने का कारण मनोरंजन के बदलते साधन और मोबाइल की लत,धार्मिक कार्यक्रमों में युवाओं की सक्रिय भूमिका का अभाव,संवाद की कमी और पीढ़ियों के बीच दूरी,आयोजन में युवाओं के लिए विशेष मंच या गतिविधियों की कमी शामिल है। यदि धार्मिक आयोजनों में युवाओं को केवल श्रोता नहीं बल्कि आयोजक, संचालक, स्वयंसेवक और सांस्कृतिक प्रस्तोता के रूप में जिम्मेदारी दी जाए, तो उनका जुड़ाव बढ़ सकता है। कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान लिए गए संकल्प को स्थायी बनाने का सामूहिक निर्णय नशामुक्ति की शपथ को आयोजन के बाद भी जारी रखने की पहल युवाओं के लिए विशेष प्रेरक सत्र, खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं ग्राम स्तर पर नशामुक्ति समिति और युवा मंच का गठन स्कूल और कॉलेज स्तर पर नैतिक शिक्षा एवं संवाद कार्यक्रम रखा जा सकता है। कहा कि धर्म केवल अनुष्ठान नहीं, जीवन शैली बने धार्मिक आयोजन केवल कुछ दिनों का आध्यात्मिक उत्सव न बनें, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनें-यह समय की मांग है। यदि गांव सामूहिक रूप से तय कर ले कि नशे और अव्यवस्था को स्थायी रूप से समाप्त करना है, तो परिवर्तन संभव है। आज जरूरत इस बात की है कि भक्ति और नैतिकता का प्रभाव आयोजन तक सीमित न रहे, बल्कि गांव की दिनचर्या और संस्कृति का हिस्सा बने। युवा वर्ग को धर्म और समाज सुधार की मुख्यधारा से जोड़ना ही भविष्य के सुरक्षित, संस्कारित और नशामुक्त गांव की कुंजी है।

### हर गांव में युवा मंडल की जरूरत : खेल से नशामुक्ति और प्रतिभा को नई दिशा

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अंचलों में युवाओं को सकारात्मक दिशा देने की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है। बढ़ते नशे, बेरोजगारी और भटकाव की स्थिति के बीच यह मांग जोर पकड़ रही है कि शासन बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक गांव में युवा मंडलों का गठन करे और उन्हें खेल गतिविधियों से जोड़े। यदि युवाओं की ऊर्जा को सही मंच मिले, तो वही ऊर्जा समाज निर्माण की ताकत बन सकती है। कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल और कैरम जैसे खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। ग्रामीण प्रतिभाएं अक्सर संसाधनों के अभाव में सामने नहीं आ पातीं। यदि प्रत्येक गांव में खेल सामग्री, मैदान और प्रशिक्षकों की व्यवस्था हो, तो अनेक प्रतिभाएं जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकती हैं। भारत में कई बड़े खिलाड़ी छोटे गांवों से निकलकर राष्ट्रीय पहचान बना चुके हैं। यह उदाहरण दर्शाता है कि प्रतिभा की कमी नहीं, अवसरों की कमी है। नशे और भटकाव से दूरी विशेषज्ञों का मानना है कि खाली समय और उद्देश्यहीनता युवाओं को नशे और गलत संगत की ओर धकेलती है। यदि वही समय नियमित अभ्यास, प्रतियोगिता और टीम गतिविधियों में लगे, तो नकारात्मक प्रवृत्तियों से स्वतः दूरी बनती है। खेल मैदान युवाओं के लिए सकारात्मक संगति का केंद्र बन सकते हैं। शासन की भूमिका क्यों महत्वपूर्ण? प्रत्येक गांव में पंजीकृत युवा मंडल का गठन खेल सामग्री और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता ग्राम स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति यदि यह पहल योजनाबद्ध ढंग से लागू की जाए, तो यह केवल खेल कार्यक्रम नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक सुधार का अभियान बन सकता है। सामाजिक परिवर्तन की नींव युवा मंडल केवल खेल तक सीमित न रहें, बल्कि स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशामुक्ति जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे गांवों में नेतृत्व क्षमता विकसित होगी और युवाओं में जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। भविष्य की ओर एक मजबूत कदम आज आवश्यकता इस बात की है कि शासन और समाज मिलकर युवाओं को सकारात्मक विकल्प दें। खेल के माध्यम से न केवल प्रतिभा निखरेगी, बल्कि नशे और अपराध की प्रवृत्तियों पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। यदि हर गांव में युवा मंडल सक्रिय हो जाएं, तो यह पहल आने वाले समय में स्वस्थ, अनुशासित और जागरूक समाज की मजबूत नींव रख सकती है।

# भाजपा शहर मंडल के प्रशिक्षण में कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को किया अपडेट

हरिभूमि न्यूज ›› महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं वैचारिक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यपद्धति, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, आधुनिक तकनीकी साधनों तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना रहा। रायपुर संभाग के शहर प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भाजपा के कार्य विस्तार की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और अथक परिश्रम से निर्मित हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं, समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर संवाद स्थापित करें तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का मूल आधार राष्ट्रवाद, अंत्योदय तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों में निहित है। डॉ. विमल चोपड़ा ने भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर भारतीय जनता पार्टी के गठन और उसके विकास की गौरवशाली यात्रा का विस्तृत वर्णन किया।

## पेज 9 के शेष

### बैंकों में किसानों...

की समझ नहीं है, इसलिए इनका एटीएम नहीं बना है।शेष जिनका बन भी गया है, तो आए दिन सहकारी बैंक का एटीएम का सर्वर डाउन होने के कारण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे। 10 फीसदी किसान ही अपने खाता ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे है,ऐसे में सीधे नगद लेने वालो के कारण काउंटर वर्क का दबाव बढ़ गया है।

### गैस सिलेंडर की ...

नंदू गोस्वामी, महामंत्री परमजीत कौर, चंदा बारले, छवि नेताम, हिमकला साहू, वीरेन्द्र ठाकुर, थानु राम वर्मा, कादर हिंगोरा, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, प्रदेश सचिव चित्रांश ध्रुव, मंडल अध्यक्ष भानु सिन्हा, हबीब मेमन, प्रदीप यादव, कृष्णा नाग, अशोक ठाकुर, हेमलाल बारले, नेपाल सोरी, यशवंत चक्रधारी, अवध असगर खान, सुमंत नागेश, सूरज यादव, अवध राम यादव, भूपेंद्र साहू, टिकेश्वर प्रसाद तिवारी, प्रीतम मरकाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सबमर्सिबल पंप चोरी...

आधार पर फिंगेश्वर निवासी इकबाल देवार और गोलू देवार से पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए केबल वायर से तांबा निकालकर शिवा देवार को बेचने के लिए दिया था, जिसने उसे फिंगेश्वर के कबाड़ी नामदास कोसरे को बेच दिया।
पुलिस ने नामदास कोसरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने तांबा तार राजिम के कृष ठाकुर को बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने कृष ठाकुर से पूछताछ कर उसके गोदाम से 19 किलो तांबा तार बरामद कर लिया, जिसकी कीमत लगभग 19 हजार रुपये बताई गई है। घटना में प्रयुक्त टीवीएस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 23-4716 भी जब्त की गई है। पुलिस ने मामले में चोरी और चोरी की संपत्ति खरीदने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार आरोपी इकबाल देवार 40 वर्ष निवासी देवार पारा फिंगेश्वर, गोलू देवार 22 वर्ष निवासी देवार पारा फिंगेश्वर, नामदास कोसरे 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 9 फिंगेश्वर और कृष ठाकुर 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 राजिम शामिल हैं।

### टीन शेड और...

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्षता करेंगे। इंद्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। चंद्रशेखर साहू महामंत्री भाजपा जिला गरियाबंद सतीश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर गोपी ध्रुव मंडल अध्यक्ष भाजपा कोपरा हरीश साहू सरपंच अध्यक्ष फिंगेश्वर और कौशल साहू ग्रामीण अध्यक्ष सुरसाबांधा ग्राम पंचायत सरपंच घनश्याम साहू से मिली जानकारी अनुसार कार्यक्रम संध्या 6 बजे प्रारंभ होगा।










संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068


## खबर संक्षेप

### मैनपुर में आज मां कर्मा जयंती



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर मे तहसील साहू समाज द्वारा भक्त मां कर्मा जयंती पर्व पर 15 मार्च को अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साहू सदन मैनपुर में सुबह 7.30 बजे भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना महाआरती, 8 बजे से 12.30 बजे तक शोभायात्र नगर भ्रमण, दोपहर 2 से 5 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मां कर्मा जयंती पर्व को लेकर साहू समाज द्वारा जोरशोर से तैयारी की गई है। साहू समाज मैनपुर के अध्यक्ष बाबूलाल साहू एवं सचिव खेलन साहू, कोशाध्यक्ष तरूण साहू ने उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील किया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का राजिम आगमन आज



**राजिम।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रविवार की शाम राजिम आ रहे है। यहां पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर के निवास में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे, साथ ही राजनीति चर्चा भी होगी।

### ग्रामीणों से की चर्चा, विवाह के मंडपों में पहुंचे, कहा - बदल रहा सुपेबेड़ा

# किड़नी प्रभावित ग्राम सुपेबेड़ा पहुंचे कलेक्टर, एसपी और जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके शनिवार को कीड़नी प्रभावित ग्राम सुपेबेड़ा पहुंचे। वहां सजी-धजी शादी विवाह के मंडपों को देखकर ग्रामीणों और महिला समूह से करीब आधा घंटे तक चर्चा की। कलेक्टर ने स्थानीय लोगों से उपलब्ध सुविधाओं, योजनाओं और गांव में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने मीडिया से बातचीत में कहा, अब सुपेबेड़ा बदल रहा है। सरकार यहां उन तमाम सुविधाओं को उपलब्ध करा रही है जिसकी मांग ग्रामीण कर रहे थे। दो साल पहले तक यहां खराब पानी और उससे होने वाली किडनी की बीमारी की वजह से शादी विवाह के कार्यक्रम नहीं होते थे, लेकिन इस साल गांव में वैवाहिक कार्यक्रमों की संख्या बढ़ गई है। यह बदलती तस्वीर इस गांव की प्रगति का सच्चा प्रमाण है।

**खास बातें**

- बिहान दिदियों को गांव के विकास कार्यों के लिए एकजुट रहने की दी समझाइश



कलेक्टर के दौरे के दौरान गांव में शादी के बाराती रंगीन झांकी के साथ निकलते दिखाई दिए। ग्रामीण और महिला समूह ने कलेक्टर को गांव में हुई नई सुविधाओं और योजनाओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने कहा कि इस तरह के बदलाव गांव की सामाजिक और आर्थिक प्रगति का प्रतीक हैं और ऐसे उदाहरण पूरे जिले के अन्य गांवों के लिए प्रेरणा हैं। सुपेबेड़ा में शादी विवाह कार्यक्रमों की बढ़ती संख्या और स्थानीय लोगों की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में विकास के साथ-साथ सामाजिक जीवन में भी सुधार हो रहा है।

ग्राम सुपेबेड़ा में कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधिक्षक वेदव्रत सिरमौर एवं जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर बिहान समूह की महिलाओं से चर्चा की। वहां की महिलाओं ने बताया कि सुपेबेड़ा में 26 महिला स्वसहायता समूह है, जिसमें से अलग-अलग समूह द्वारा बकरी पालन, दोना पत्तल, किराना स्टोर, ईट निर्माण सहित अन्य व्यवसाय कर रहे है। प्रत्येक समूह में 10-10 महिलाएं शामिल हैं। इस दौरान कुछ महिलाओं ने बताया कि शासन एवं बैंक के माध्यम से उन्हें अनुदान में राशि लिए हैं। जिससे समूह से जुड़कर वे अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर परिवार का आर्थिक सशक्तिकरण कर रही है। उन्होंने बताया कि समूह की महिलाएं संगठित रहकर विभिन्न प्रकार के कार्य कर रहे है। कलेक्टर ने उन्हें एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही गांव में स्वच्छता के लिए व्यापक जागरूकता लाने को कहा। जिससे कि गांव स्वच्छ एवं सुंदर दिखे तथा मौसमी बीमारियां फैल न सके। इसके लिए गांव के गलियों एवं सड़कों के आसपास अनावश्यक रूप से कचरा फैलाते है, उस पर भी रोक लगाने को कहा। उन्होंने बिहान की दीदियों से अपील की कि वे ग्रामीणों को समझाईश दे कि घरों के कचरे बाहर न फेंके। इससे गंदगी फैलती है और लोग बिमार होते है। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को समझाईश दे कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करे। इसके लिए सभी को व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक घरों में किचन गार्डन बनाने को कहा। अपने बच्चों को शुरू से ही अच्छे संस्कार दे, जिससे वे बड़े होकर वे देश के अच्छे नागरिक बन सके।



**अफसरों ने चखा स्ट्रॉबेरी स्वाद**

उद्यानिकी विभाग द्वारा पाम ऑयल की खेती दिखाने करचिया के धनीराम की खेती दिखाने ले गए। 5 एकड़ में पाम की खेती कराया जा रहा है। बाड़ी में अफसरों ने स्ट्रॉबेरी की खेती देखकर चौक गए। किसान ने अफसरों को स्ट्रॉबेरी का स्वाद चखाया। किसान के सब्जी बाड़ी के नवाचार और कृषि उत्पाद के प्रति किसान परिवार के लगाव को देखकर अफसर गद गद हो गए। किसान ने बताया कि उनकी तीसरी पीढ़ी उन्नत खेती करने और कृषि सेक्टर में उच्च स्तर की पढ़ाई करने गई है। कलेक्टर ने ऐसे किसानों को योजनाओं के माध्यम से भरपूर प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया है।

## फिंगेश्वर परिक्षेत्र कलार समाज के भवन का लोकार्पण करेंगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर परिक्षेत्र मे कलार समाज के भवन का लोकार्पण करने मुख्यअतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन फिंगेश्वर में होने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर। सभी ने कहा कि भूपेश बघेल जो कका के रूप मे प्रदेश के युवाओं में जाने जाते हैं, उनसे मुलाकात कर उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। 20 लाख एवं 6.5 लाख की राशि से निर्मित सिन्हा समाज भवन फिंगेश्वर के लोकार्पण कार्यक्रम सिन्हा समाज के द्वारा आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्षता संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा, अति विशिष्ट अतिथि प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन, कलार समाज के प्रातांध्यक्ष युवराज सिन्हा,कलार समाज के जिलाध्यक्ष अवध सिन्हा एवं कलार समाज के मंडलेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा होंगे। विशिष्ट अतिथि मे कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी, ब्लाक अध्यक्ष रूपेश साहू,उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी पुष्पा साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, हरिशंकर श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, कमलेश यदु,नत्थू कश्यप, रामकृष्ण तिवारी, कुसुम डोमार ध्रुव, महेन्द्र सिंह ठाकुर, अतुल श्रीवास्तव, अभिशेक सोनी सहित नगर एवं अंचल के कलार समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ट कांग्रेसजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम दो सोपानों में आयोजित होगा। प्रथम सोपान मे कार्यक्रम 12 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा। वहीं दूसरे सोपान 6 से 12 बजे रात्रि में होगा।कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा इष्ट देव भगवान संहस्त्र बाहू माता कलारिन देवी की पूजा अर्चना करेंगे, उसके पश्चात नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। वहीं पर विशिष्ट जनों का सम्मान होगा। दूसरे सोपान के कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। महासमुंद विधायक योगे"वर सिन्हा,जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी, किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मनीष हरित, फणीकेश्वरनाथ कालेज के जनभागीदारी अध्यक्ष राजू साहू सहित वरिष्ट भाजपा नेता होंगे।नगर मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन को लेकर कांग्रेसियों म गजब का उत्साह है। सभी लोगों का कहना है कि कका के बहुत दिन बाद फिंगेश्वर में पहुंचने पर हम सबकों बड़ी ही खुशी होगी। हम सभी उनका दिल से स्वागत करने आतुर है।








## चैत्र नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों मे तैयारी प्रारंभ
## मैनपुर दुर्गा मंदिर में रंग रोगन, साज सज्जा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

चैत्र नवरात्रि का पर्व 19 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है, जिसके लिए मां दुर्गा मंदिर वन विभाग परिसर मैनपुर, मां भगवती मंदिर फुलझर, पैरी उद्गम भाटीगढ़, बाजघाटी उदंती स्थित मां उदंतेश्वरी मंदिर सहित क्षेत्र भर के देवी मंदिरों में रंग रोगन व नवरात्रपर्व की तैयारी की जा रही है। दुर्गा मंदिर वन परिसर मैनपुर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि 19 मार्च से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है एवं पंचमी देवी श्रृंगार 23 मार्च सोमवार को, दुर्गाष्टमी हवन 26 मार्च को एवं जंवारा विसर्जन कन्या पूजन 27 मार्च को है। नवरात्रि पर्व को लेकर देवी मंदिर में तैयारियां प्रारंभ हो गई है। मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने वाले श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे है। वहीं क्षेत्र के प्रमुख देव स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ में भी नवरात्रि पर्व को लेकर जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।



## बिलाल अहमद बने कार्यवाहक मुतवल्ली

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 13 मार्च को जारी एक आदेश के तहत शहर के बहुत ही प्रतिष्ठित बिलाल अहमद रिजवी को मस्जिद/कब्रिस्तान के देख-रेख एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु कार्यवाहक मुतवल्ली नियुक्त किया गया है। उनके इस नियुक्ति पर पूर्व एल्डरमेन अकरम रिजवी, मो. नुरूल रिजवी, मो.साबिर सूलड़ा, मो.हामिद खत्री, पूर्व पार्षद मो.जाकीर चौहान ,मो.मुस्ताक ढेबर, मो.असलम मेमन, मो.शकील वारसी, अब्दुल वारसी, वकील वारसी, मो.शब्बीर रिजवी, मो. असरद सूलड़ा, मो.असलम सूलड़ा, अब्दुल जब्बार रिजवी, मैनुद्दीन सोलंकी, मो.अय्यूब सूलड़ा, मो.फारूख तिगाला, मो.गुलाम खोखर, मो.हनीफ चांगल, मो.शाहिद सूलड़ा, मो.अलिम वारसी, मो.शमीम वारसी, मो.इकबाल सूलड़ा, मो.वकील सोलंकी, मो.जलालुद्दीन रिजवी, मो.रसीद वारसी, मो.कय्यूम सोलंकी, मो.सलीम सूलड़ा, मो.जूनैद चौहान, मो.अत्तहर रिजवी, मो.महमूद रिजवी, मो.मुस्तफा रिजवी, मो.असलम रिजवी, मो.शमसुद्दीन चौहान, मो.अनस रिजवी, मो.अकबर रिजवी, मो.आजम तिगाला, मो. जुनैद चांगल, मो. इरफान चांगल, मो. अहमद रिजवी, मो. ओवेश वारसी, मो. शब्बीर चमड़िया, मो. असरार सूलड़ा, मो. अब्दुल कलाम खत्री, मो. हारूण खत्री, मो. अमजद रजा, मो. अकरम खत्री, मो. इकबाल सोलंकी सहित समाज के लोगो ने बधाई और शुभकामना दी है।

